**समाचार** विज्ञपति

# नया कोविड-19 ऐट-होम उपचार अलबर्टा आ रहा है

25 जनवरी 2022

## हल्के से मध्यम कोविड-19 लक्षणों वाले अल्बर्टन, जिनमें गंभीर बीमारी विकसित होने का उच्च जोखिम है, के पास जल्द ही प्रारंभिक उपचार के लिए दूसरा विकल्प होगा।

पैक्सलोविड (Paxlovid) की पहली खेपें 31 जनवरी से अल्बर्टनों के लिए उपलब्ध होगीं। प्रारंभिक सप्लाई सीमित होगी, इसलिए पात्रता उन लोगों तक सीमित होगी जिन्हें सबसे अधिक लाभ होगा। इस दवा के कारण दुष्प्रभाव हो सकते हैं, इसलिए यह केवल एक चिकित्सक द्वारा मूल्यांकन के बाद प्रिस्क्रीप्शन के द्वारा उपलब्ध होगी।

पैक्सलोविड हेल्थ कनाडा द्वारा अनुमोदित पहला कोविड-19 उपचार है जिसे घर पर मौखिक रूप से लिया जा सकता है और पिछले साल सोट्रोविमैब (Sotrovimab) उपलब्ध कराए जाने के बाद अल्बर्टा में उपलब्ध दूसरा कोविड-19 प्रारंभिक उपचार विकल्प है।

दवा के साथ उपचार लक्षणों की शुरुआत के पांच दिनों के भीतर शुरू किया जाना चाहिए और उन व्यक्तियों द्वारा उपयोग के लिए अभिप्रेत है जिनको इम्यूनोसप्रेसिव अवस्थाएँ हैं, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और जो 65 वर्ष से अधिक आयु के हैं, या वो जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और जो पहले से मौजूद चिकित्सा अवस्थाओं, जो उन्हें गंभीर बीमारी या मृत्यु का उच्च जोखिम में डालती हैं, के साथ 18 साल से अधिक आयु के हैं।

## पैक्सलोविड के लिए पात्रता

पैक्सलोविड उन रोगियों में उपयोग के लिए है जिन्हें कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है, जो अपने पहले लक्षणों का अनुभव करने के पांच दिनों के भीतर हैं और कुछ चिकित्सा मानदंडों को पूरा करते हैं।

योग्य अवस्थाओं में शामिल हैं:

ऐसे व्यक्ति जिनको टीकाकरण की स्थिति की परवाह किए बिना, कोई विपरीत संकेत नहीं हैं और निम्नलिखित में से एक इम्युनोकॉम्प्रोमाइजिंग अवस्थाओं में से एक है:

- प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ता
- ऑन्कोलॉजी के रोगी जिन्होंने दिसंबर 2020 से कीमोथेरेपी या अन्य इम्यूनोसप्रेसिव उपचार प्राप्त किया है
- सूजन की स्थिति, जैसे कि:

    - रूमटॉइड गठिया;
    - लूपस (lupus);
    - सूजन-संबंधी आंत्र रोग (inflammatory bowel disease);

ऐसे व्यक्ति जिनको कोई विपरीत संकेत नहीं है, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और:

- जो 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं
- जो पहले से मौजूद चिकित्सा अवस्थाओं के साथ, 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के हैं, जिन में शामिल हैं:
    - डाइबीटीज़ (इलाज के लिए दवा ले रहे हैं)
    - मोटापा (बीएमआई> 30)
    - कंजेस्टिव हार्ट फेल्यर
    - क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज़ (chronic obstructive pulmonary disease) और दरमियाने से गंभीर दमा

## पैक्सलोविड तक पहुंचना

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अल्बर्टन हेल्थ लिंक को 1-844-343-0971 पर कॉल कर सकते हैं।

हेल्थलिंक के कर्मचारी स्क्रीनिंग प्रश्न पूछेंगे और पात्रता की पुष्टि करने और उचित होने पर उपचार की व्यवस्था करने के लिए अल्बर्टनों को स्वास्थ्य पेशेवर के पास भेजेंगे।

अल्बर्टनों को फार्मेसियों या चिकित्सक कार्यालयों को सीधे कॉल ना करने के लिए कहा जाता है।

## टीकाकरण अपॉइंटमेंटों की बुकिंग

अल्बर्टनों को वैक्सीन की हर वो डोज़, जिसके लिए वे पात्र हैं, प्राप्त करके खुद को और दूसरों को गंभीर परिणामों से बचाने के लिए अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अलबर्टा वैक्सीन बुकिंग सिस्टम का उपयोग करके भाग लेने वाली फार्मेसियों या AHS के साथ अपॉइंटमेंट ऑनलाइन बुक की जा सकती हैं। अलबर्टा के लोग 811, भाग लेने वाली फार्मेसियों या प्रतिभागी चिकित्सकों के कार्यालयों में भी कॉल कर सकते हैं।

## संबंधित जानकारी

- अपनी कोविड-19 वैक्सीन अपॉइंटमेंट बुक करें

## मल्टीमीडिया

- समाचार सम्मेलन देखें
- समाचार सम्मेलन को सुनें

## मीडिया पूछताछ

[Steve Buick (स्टीव ब्यूइक)]

780-288-1735
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय